पंखाजनूर में बंगला देश के शरणार्थियों का पुनर्वास

2486. श्री प्यारे लाल खंडेलवाल : क्या पूर्ति तथा पुनर्वास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या बस्तर (मध्य प्रदेश) जिले के पंखाजनूर में बंगला शरणार्थी बसाये गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने शरणार्थी परिवार बसाये गये हैं और वे कब से वहां रह रहे हैं ;

(ग) उक्त परिवारों में से कितने परिवारों को अस्थायी पट्टे पर कृषि-योग्य भूमि दी गयी है ; और

(घ) क्या सरकार उन्हें स्थायी पट्टे के आधार पर भूमि देने का विचार रखती है ?

पूर्ति और पुनर्वास मंत्रालय में उपमंत्री (श्री गिरिधर गोमांगो) : (क) जी, हां ।

(ख) 1958 मे दण्डकारण्य विकास परियोजना के आरंभ से अब तक परियोजना के परलकोट जोन (पाखन जोर में जोनल मुख्यालय) में भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान से आए विस्थापित व्यक्तियों के 7751 परिवार बसाये गये हैं ।

(ग) 7464 परिवारों को कृषि में पुनर्वास दिया गया है और स्वामित्व के आधार पर कृषि भूमि दी गई है ।

(घ) सर्वेक्षण तथा पुनर्वास कार्यों के पूरा हो जाने और स्थायी पट्टे तैयार हो जाने के उपरान्त राज्य सरकार द्वारा इन परिवारों को स्थायी पट्टे दिए जाएंगे । अन्तरिम उपाय के रूप में उन्हें अस्थायी पट्टे जारी किए जा रहे है और अब तक 5260 परिवारों को स्थायी पट्टे जारी किए गए हैं ।

खंडवा में इंडियन आयल का डीलर

2487. श्री प्यारे लाल खंडेलवाल : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खंडवार (मध्य प्रदेश) में डीजल और मिट्टी के तेल की बिक्री हेतु इंडियन ऑयल का अधिकृत डीलर अशोक एण्ड कम्पनी है ;

(ख) क्या हाल ही में उक्त अशोक एण्ड कम्पनी से लिये गये डीजल और मिट्टी के तेल के सैम्पलों की जांच की गई थी तथा उनमें मिलावट पाई गई थी ; और

(ग) यदि हां, तो उक्त कम्पनी के मालिक के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गयी है ?

पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री पी. शिव शंकर): (क) जी, हां ।

(ख) उक्त फुटकर बिक्री केन्द्र से लिये गये डीजल के नमूनों का परीक्षण किया गया और उसके साथ मिट्टी के तेल की मिलावट रिपोर्ट की गई ।

(ग) खंडवा के कलेक्टर के अनुदेशों के अधीन मामले की आगे और जांच किये जाने तक डीलर को मिट्टी के तेल की सप्लाई बन्द कर दी गई है ।

**Dandakaranya Project**

2488. SHRI ASHWANI KUMAR: Will the Minister of SUPPLY AND REHABILITATION be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to a news item appearing in the 'Chronicle' published from Raipur regarding handing over of Dandakaranya Project to the concerned State Governments;